दिन– रविवार दिनांक– 08 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कुआलालंपुर में मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। इस दौरान रक्षा और सुरक्षा संबंधों को बढ़ाने तथा आर्थिक और नवाचार साझेदारी को बढ़ावा देने पर सहमति बनी। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि ऊर्जा, अवसंरचना, विनिर्माण और डिजिटल अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में दोनों देशों का सहयोग बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद पर भारत का दृष्टिकोण स्पष्ट है। आतंकवाद पर कोई दोहरा मानदंड नहीं हो सकता और आतंकवाद से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

---

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में आम लोगों का विश्वास बढ़ा है और विकास की गति तेज हुई है। मलेशिया दौर पर हुए समझौतों के बारे में उन्होंने कहा कि भारत जल्द ही विश्व की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने वाला है। श्री सरावगी ने कहा कि अभी अमेरिका के साथ जो ट्रेड डील हुई है उससे निश्चित रूप से पीएम मोदी के नेतृत्व में विकास और विश्वास दोनों बढ़ा है।

---

केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत–अमरीका अंतरिम व्यापार समझौता निष्पक्ष, न्यायसंगत और संतुलित है तथा किसानों के हितों की सुरक्षा को सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि भारत में पर्याप्त मात्रा में गेहूं, चावल, चीनी, सोयाबीन सहित कृषि और दुग्ध उत्पाद तथा मुर्गी पालन शामिल हैं, जिन्हें शुल्क रियायतों से बाहर रखा गया है। श्री गोयल ने कहा कि इस समझौते का उद्देश्य निर्यात को बढ़ावा देना, रोजगार सृजन करना और देश को वर्ष दो हजार सैंतालीस के विकसित भारत के लक्ष्य की ओर ले जाना है। नई दिल्ली में उन्होंने कहा कि समझौते

के अंतर्गत भारतीय निर्यात पर पहले से लागू पचास प्रतिशत पारस्परिक शुल्क को घटाकर अब अठारह प्रतिशत कर दिया गया है।

———————————————————————————————

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने आयकर अधिनियम, दो हजार पच्चीस से संबंधित प्रस्तावित आयकर नियमों और प्रपत्रों पर हितधारकों से सुझाव आमंत्रित किए हैं। आयकर अधिनियम–दो हजार पच्चीस इस वर्ष पहली अप्रैल से लागू होगा। वित्त मंत्रालय ने कहा है कि भाषा को सरल बनाने, मुकदमों को कम करने और अनावश्यक तथा अप्रचलित नियमों की पहचान करने के संबंध में सुझाव मांगे गए हैं।

———————————————————————————————

कृषि विभाग ने प्रदेश में चल रहे फार्मर रजिस्ट्री अभियान की तिथि ग्यारह फरवरी तक बढ़ा दी है। पहले यह तिथि छह फरवरी निर्धारित थी। विभाग के प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल ने बताया कि इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए है।

———————————————————————————————

प्रदेश के मौसम में उतार–चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है। दिन में धूप खिलने से मौसम सामान्य हो रहा है जबकि सुबह और शाम में ठंड का प्रभाव बना हुआ है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार राज्य में पछुआ हवा के प्रभाव से अगले चौबीस घंटो के दौरान राज्य के न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट की संभावना है। आज किशनगंज में सबसे कम न्यूनतम तापमान नौ दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पूर्वी चंपारण के मोतिहारी में सबसे कम न्यूनतम दृश्यता एक सौ पचास मीटर दर्ज की गई।

———————————————————————————————

मधुबनी के फुलपरास पूरवारी टोला के पास एक सवारी बस के दूसरे वाहन से टक्कर में बस पर सवार दर्जनों यात्री घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

———————————————————————————

पश्चिम चंपारण के बेतिया में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की ओर से एमएसएमई आउटरिच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक रंधीर कुमार ने बताया कि एमएसएमई के तहत उद्यमियों को सशक्त बनाया जा रहा है।

———————————————————————————

अररिया जिले के पलासी थाना क्षेत्र में आपसी विवाद में हुई मारपीट में दो महिला सहित चार लोग घायल हो गये।

———————————————————————————

समाप्त